दिनांक 20 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में 52269 लोगों ने कराया अब तक इलाज , स्वास्थ्य शिविर को लेकर लोगों में गजब का उत्साह , प्रतिदिन बड़ी संख्या में इलाज कराने पहुंच रहे लोग

- शिविर स्थल का आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ आज निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने लक्ष्मी नगर पहुंचे! चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक की तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है की जानकारी ली! उन्होंने निर्देश दिए कि लैब परीक्षण के उपरांत जितनी शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध करा सकें करावे ताकि रिपोर्ट के आधार पर बीमारी के कारणों का पता चल सके और शीघ्र उपचार हो सके व समय पर दवाइयां भी दी जा सके! इससे मरीजों की शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना बढ़ेगी! उन्होंने टोकन सिस्टम और बैठक व्यवस्था समुचित तरीके से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि चिकित्सीय स्टॉफ अपने निर्धारित समय पर शिविर में मौजूद होवे! आगे उन्होंने निर्देशित किया कि जितने लोगों को टोकन दिया जा रहा है उन सभी का इलाज सुनिश्चित हो! टोकन प्राप्त कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए! उन्होंने महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड की व्यवस्था दाई दीदी क्लीनिक में सुचारू रूप से जारी रखने कहा! स्वास्थ्य शिविर में लोगों का गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है! दाई-दीदी क्लीनिक में 15152 ने अब तक इलाज कराया है! तथा 3016 का लैब टेस्ट एवं 14473 ने निशुल्क दवाइयां प्राप्त की है!

जनसंपर्क अधिकारी